# व्यावसायिक शिक्षा विभाग

## VOCATIONAL EDUCATION DEPARTMENT

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## FREQUENTLY ASKED QUESTIONS

**1. व्यावसायिक शिक्षा क्या है?**

व्यावसायिक शिक्षा का अभिप्राय ऐसे प्रशिक्षण और शिक्षा से है जो व्यक्ति को किसी विशेष व्यवसाय अथवा व्यापार के लिए आवश्यक विशिष्ट कौशल और ज्ञान प्रदान करती है। यह प्रायोगिक प्रशिक्षण पर केंद्रित होती है और व्यक्ति को विशिष्ट उद्योगों के क्षेत्रों में रोजगार के लिए तैयार करती है।

**2. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) में व्यावसायिक शिक्षा की क्या भूमिका है?**

एनआईओएस अपने व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। पूरे देश के साथ-साथ विदेशों में भी शिक्षार्थियों को लचीली और सुलभ व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। एनआईओएस व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करता है, परीक्षाएं आयोजित करता है और प्रमाण पत्र प्रदान करता है।

**3. एनआईओएस के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के क्या लाभ हैं?**

एनआईओएस के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के कुछ लाभ इस प्रकार हैं:

(i) **लचीलापन:** एनआईओएस लचीले अधिगम का विकल्प प्रदान करता है, जिससे शिक्षार्थी अपनी गति और सुविधानुसार अध्ययन कर सकते हैं।

(ii) **मान्यता:** एनआईओएस को मूल्यांकन और प्रमाणन हेतु दोहरी श्रेणी के अंतर्गत एनसीवीईटी (राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद) द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। एनसीवीईटी प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर बाजार में बेहतर पहचान, रोजगार क्षमता में बढ़ोत्तरी और स्वीकार्यता सुनिश्चित होती है।

एनआईओएस के व्यावसायिक छिाखा पाठ्यक्रम विभिन्न उद्योगों और नियोक्ताओं द्वारा स्वीकार्य हैं। यह मान्यता रोजगार के अवसर में वृद्धि प्रदान करते हैं।

(iii) **कौशल-आधारित प्रशिक्षण :** प्रायोगिक कौशल पर केंद्रित पाठ्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि शिक्षार्थी उनके द्वारा चुने गए क्षेत्र में व्यावहारिक विशेषज्ञता प्राप्त करें। प्रत्येक व्यावसायिक पाठ्यक्रम में सिद्धांत और प्रायोगिक के लिए न्यूनतम संपर्क घंटे होते हैं। सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार

**1. What is Vocational Education?**

Vocational Education refers to the training and education provided to individuals to equip them with specific skills and knowledge required for a particular occupation or trade. It focuses on practical training and prepares individuals for employment in specific industries or sectors.

**2. What is the role of the Vocational Education in National Institute of Open Schooling (NIOS)?**

NIOS offers a wide range of vocational courses through its Vocational Education Programmes. It aims to provide flexible and accessible vocational education to learners across the country and abroad as well. NIOS develops curriculum, conducts examinations, and awards certificates for vocational courses.

**3. What are the benefits of pursuing Vocational Education through NIOS?**

Some benefits of pursuing Vocational Education through NIOS include:

(i) **Flexibility:** NIOS offers flexible learning options, allowing learners to study at their own pace and convenience.

(ii) **Recognition:** NIOS has been awarded the recognition from NCVET (National Council for Vocational Education & Training) for assessment and certification under the Dual Category. NCVET certificate ensures better recognition, enhanced employability and acceptance in the market.

Vocational Education courses of NIOS are recognized by various industries and employers, enhancing employment opportunities.

(iii) **Skill-based training:** The courses focus on practical skills; ensuring learners acquire hands-on expertise in their chosen field. Every vocational course has minimum contact hours for theory and practical. Training schedules have been developed in all the vocational courses and are available with the study

किए गए हैं जो समान मानकीकृत प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु समान मानकीकृत शिक्षण प्रतिफलों के साथ अध्ययन केंद्रों के पास उपलब्ध हैं।

(iv) **प्रमाणन:** एनआईओएस व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर एनआईओएस प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

**4. एनआईओएस द्वारा किस प्रकार के व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम कराए जाते हैं?**

एनआईओएस विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम कराता है। आप एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध व्यावसायिक विवरणिका से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एनआईओएस विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करता है:

- व्यावसाय एवं वाणिज्य
- कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी
- इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी
- कृषि एवं पशुपालन
- गृह विज्ञान एवं आतिथ्य
- स्वास्थ्य एवं परा चिकित्सा विज्ञान
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- विविध पाठ्यक्रम (प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा, अग्नि सुरक्षा, पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाणपत्र आदि)

**5. व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों में किसका नामांकन किया जा सकता है?**

व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम करने का इच्छुक शिक्षार्थी व्याावसायिक विवरणिका की तालिका-I में दी गई न्यूनतम योग्यता जैसी प्रवेश आवश्यकताओं के अनुसार पंजीकरण करा सकता है। प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु चुने गए कार्यक्रम के अनुसार 11 से लेकर 18 वर्ष तक अलग-अलग रखी गई है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है।

एनआईओएस रोजगार अथवा बाल मजदूरी (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की दृष्टि से कोई जिम्मेदारी नहीं लेता।

**6. मैं 12वीं कक्षा का शिक्षार्थी हूं। क्या मैं एक से अधिक व्यावसायिक विषय ले सकता हूँ?**

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शैक्षिक विषयों के साथ एकीकृत करना एनआईओएस की एक अनूठी विशेषता है। यह अनूठी सुविधा आपको 10वीं/12वीं कक्षा का प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु नियमित शैक्षिक विषयों के साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को संयोजित करने में मदद करती है। इस सुविधा ने शिक्षा की विभिन्न स्ट्रीमों के बीच का अंतर कम किया है। यद्यपि एक शैक्षिक सत्र में शिक्षार्थी केवल एक व्यावसायिक विषय ले सकता है।

centers to impart uniform standardized training along with uniform standardized learning outcomes.

(iv) **Certification:** Successful completion of NIOS Vocational Education courses leads to the award of NIOS certificate.

**4. What types of Vocational Education courses are offered by NIOS?**

NIOS offers a wide range of Vocational Education courses. You can get the detailed information in Vocational Prospectus available at NIOS website. NIOS provides vocational education across various sectors:

- Business & Commerce
- Computer and Information Technology
- Engineering & Technology
- Agriculture & Animal Husbandry
- Home Science and Hospitality
- Health & Paramedical Sciences
- Yoga & Naturopathy
- Miscellaneous courses (Early Childhood Care & Education, Fire Safety, Certificate in Library Science, etc)

**5. Who can enroll in NIOS Vocational Education programmes?**

Any learner, who is interested in pursuing a Vocational Education programme can register as per the entry requirements in terms of minimum qualifications, as given at Table I of Vocational Prospectus. Minimum age for admission varies from 11 years to 18 years depending upon the programme selected. There is no upper age limit for the Vocational Courses.

NIOS does not take any responsibility with regard to employment or the provisions of the Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986.

**6. I am a student of 12th class. Can I take more than one vocational subject?**

Integration of Vocational Courses with Academic subjects is a unique feature of NIOS. This unique feature helps you to combine Vocational courses with regular Academic subjects to earn a 10th/12th class certificate. This facility has bridged the gap between different streams of education. However, only one vocational subject can be taken by a learner in one academic cycle.

**7. क्या व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए कोई वित्तीय सहायता का विकल्प उपलब्ध है?**

जी हां, एनआईओएस महिला उम्मीदवारों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगों और भूतपूर्व सैनिकों की श्रेणी के शिक्षार्थियों को शुल्क में छूट प्रदान करता है। शुल्क संरचना का विवरण एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड व्यावसायिक विवरणिका में उपलब्ध है।

**8. मैं अपने स्थानीय क्षेत्र में एवीआई ढूंढने में असमर्थ हूं। मुझे क्या करना चाहिए?**

यदि आपको अपने स्थानीय क्षेत्र में एवीआई नहीं मिल रहा है, तो आप आस-पास के जिलों अथवा शहरों में एवीआई खोजने पर विचार करें। आस-पास के क्षेत्रों में अपनी पसंद के विषयों का पता लगाएं और ऐसे पाठ्यक्रम में नामांकन करने पर विचार करें जो आपकी रुचियों और लक्ष्यों के अनुरूप हो।

हाल ही में एनआईओएस ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए एक ही राज्य/जिले में घर का पता और अध्ययन केंद्र होना चाहिए, ऐसी आवश्यकता को हटा दिया है। फिर भी शिक्षार्थी यह ध्यान रखें कि प्रायोगिक परीक्षा उसी एवीआई में आयोजित की जाएगी और सिद्धांत परीक्षा भी एवीआई के उसी राज्य/जिले में आयोजित की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र को बदलने पर विचार नहीं किया जाएगा।

**9. मुझे कैसे पता चलेगा कि किस पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण करना है?**

आप अपनी रुचि और आवश्यकता के आधार पर पाठ्यक्रम चुन सकते हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सूची व्यावसायिक विवरणिका की तालिका-I पर दी गई है।

**10. मैं कब प्रवेश ले सकता/सकती हूं?**

आप वर्ष भर ऑनलाइन प्रवेश ले सकते/सकती हैं।

**11. मैं एनआईओएस में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूं?**

एनआईओएस में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने हेतु आपको एनआईओएस की कार्यालयी वेबसाइट www.nios.ac.in https://sdmis.nios.ac.in पर जाना होगा और वहां उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का पालन करना होगा। इसमें ऑनलाइन पंजीकरण, वांछित पाठ्यक्रम का चयन करना और शुल्क का भुगतान करना शामिल है।

**12. एनआईओएस व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों की अवधि क्या है?**

एनआईओएस व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों की अवधि विशिष्ट पाठ्यक्रम के आधार पर भिन्न-भिन्न होती है। इसमें छह माह और एक वर्ष के प्रमाणपत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रम से लेकर दो वर्ष के एडवांस प्रमाणपत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रम तक शामिल

**7. Are there any financial assistance options available for vocational education courses?**

Yes, NIOS provides relaxation of fees for female candidates and exempted categories such as SC/ST, Divyangs and Ex-servicemen. The details of fee structure are available in the vocational prospectus on the NIOS website.

**8. I am unable to find an AVI in my local area. What should I do?**

If you cannot find an AVI in your local area, consider expanding your search to nearby districts or cities. Explore your options in nearby areas and consider enrolling in a course that aligns with your interests and goals.

NIOS has recently delinked the requirement of home address and study centres in same state/district for taking admission in vocational courses. However, the learner should keep in mind that the examination for practicals will be held in the same AVI and theory examination will also be held in the same state/district as of AVI. No change of examination centre would be entertained under any circumstance.

**9. How do I know which course to register for?**

You can choose a course depending upon your interest and requirement. List of vocational courses is given on Table I of the Vocational Prospectus.

**10. When can I take Admission?**

You can take admission online throughout the year.

**11. How can I apply for a Vocational Education course at NIOS?**

To apply for a Vocational Education course at NIOS, you need to visit the official NIOS website www.nios.ac.in or https://sdmis.nios.ac.in and follow the online application process outlined there. It involves online registration, selecting the desired course and payment of fees.

**12. What is the duration of NIOS Vocational Education courses?**

The duration of NIOS Vocational Education courses varies depending on the specific course. It ranges from six months and one year Certificate and Diploma courses to two year Advanced Certificate and Diploma courses. The duration of all the vocational courses are

हैं। सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की अवधि का उल्लेख एनआईओएस वेब पोर्टल पर उपलब्ध व्यावसायिक विवरणिका में किया गया। है।

**13. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का प्रायोगिक प्रशिक्षण कहाँ आयोजित किया जायेगा?**

प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थान (एवीआई)/दिव्यांगों की शिक्षा के लिए विशेष मान्यता प्राप्त संस्थान (एसएआईईडी) प्रायोगिक प्रशिक्षण और व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें सार्वजनिक परीक्षा में बैठने वाले शिक्षार्थी को शामिल होना अनिवार्य है।

**14. व्यावसायिक पाठ्यक्रम के शिक्षार्थी के लिए कक्षाएँ कहाँ आयोजित की जाती हैं? क्या शिक्षार्थी के लिए अध्ययन केंद्र पर जाना अनिवार्य है?**

अध्ययन केंद्र कहे जाने वाले प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थानों (एवीआई) में कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। एवीआई सिद्धांत के साथ-साथ प्रायोगिक कक्षाएं लेने के लिए भी उत्तरदायी होता है। सिद्धांत परीक्षा किसी अन्य केंद्र पर आयोजित की जाती हैं जो सार्वजनिक परीक्षा से पहले आवंटित किया जाता है, यद्यपि प्रायोगिक परीक्षा एवीआई में ही आयोजित की जाएगी। आपको अध्ययन केंद्र पर अवश्य ही जाने की सलाह दी जाती है इससे आपको आपके पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, प्रायोगिक गतिविधियों, प्रवेश या परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी आदि के बारे में उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

**15. शिक्षार्थी अध्ययन सामग्री कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती है?**

शिक्षार्थी को अध्ययन सामग्री उसका एवीआई/एसएआईईडी प्रदान करेगा।

**16. पंजीकरण कराने के बाद क्या मैं अपना एवीआई और पाठ्यक्रम बदल सकता/सकती हूँ?**

जी नहीं। प्रवेश की पुष्टि के बाद आप अपना एवीआई पाठ्यक्रम नहीं बदल सकते। अतः अपना एवीआई और पाठ्यक्रम ध्यान से चुनें।

**17. क्या एनआईओएस के व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम नियोक्ताओं और उद्योगों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं?**

जी हां, एनआईओएस भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। एनआईओएस के पाठ्यक्रम उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, क्षेत्र कौशल परिषद् आदि के दल की भागीदारी से तैयार किए गए हैं। अधिगम प्रतिफलों के साथ एक बाजार संचालित मानकीकृत पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जिसके परिणामस्वरूप पाठ्यक्रम के लिए प्रायोगिक पुस्तिका के साथ-साथ स्व-शिक्षण सामग्री तैयार की गई है। शिक्षार्थियों के लिए मल्टीमीडिया सहायता भी विकसित की गई है। इसे उद्योग के मानकों और आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए सभी उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं।

mentioned in the Vocational Prospectus available on the NIOS web portal.

**13. Where the practical training of vocational courses will be conducted?**

The Accreditated Vocational Institute (AVI)/Special Accredited Institute for Education of Divyangs (SAIED) will organize practical training and Personal Contact Programmes, which are compulsory to attend to appear in the public examination.

**14. Where are the classes held for a vocational learner? Is it essential for the learner to visit the study centre?**

The classes will be held at the study centre called as Accredited Vocational Institute (AVI). The AVI is responsible for taking up the classes including Theory & Practical. The theory examination shall be held at a different centre which shall be allocated before the final examination, however the practical examination shall be held in the AVI itself. It is advisable and essential to visit the study centre so that appropriate guidance is provided to you regarding your syllabus, examination pattern, hands on practical activities, important information regarding admission or examination, etc.

**15. From where do a learner can obtain study material?**

The learner's AVI/SAIED will provide the study material.

**16. Can I change my AVI centre and course after taking admission?**

No, you will not be able to change your AVI center after admission. Therefore, choose your AVI and course carefully.

**17. Are NIOS Vocational Education courses recognized by employers and industries?**

Yes, NIOS is an autonomous institution under Ministry of Education, Govt of India. NIOS courses are developed with involvement of a team comprising of industry experts, academia, entrepreneurs, Sector Skill Council etc. A standardized market driven curriculum along with learning outcomes are developed resulting in development of the self learning material along with practical manual for the course. Multi media support for the learners are also developed. All measures are taken to ensure that it aligns with industry standards and requirements.

**18. क्या मैं अपनी नियमित पढ़ाई अथवा नौकरी के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की पढ़ाई भी कर सकता/सकती हूँ?**

जी हाँ, एनआईओएस की व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली लचीली है। आप अपनी नियमित पढ़ाई अथवा नौकरी के साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी कर सकते/सकती हैं। एनआईओएस आपकी गति से अधिगम की सुविधा प्रदान करता है, जिससे आप अपनी समय-सारणी प्रभावी ढंग से बना सकते हैं।

**19. आर्थिक रूप से संपन्न ना होने के बावजूद मैं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करना चाहता/चाहती हूं। क्या कोई विशेष प्रवधान है?**

एनआईओएस महिला शिक्षार्थियों और छूट प्राप्त वर्ग जैसे भूतपूर्व सैनिकों, दिव्यांगों, अ.जा./अ.ज.जा. को शुल्क में छूट प्रदान करता है। कमजोर वर्ग और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित महिला शिक्षार्थियों के लाभ के लिए, एनआईओएस ने 4 क्षेत्रों में मुक्त कौशल केंद्र (एमकेके) स्थापित किए हैं, जो आवश्यक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित कौशल प्रयोगशालाएं हैं। वर्तमान में भुवनेश्वर (ओडिशा), बांकुरा (पश्चिमी बंगाल), कोडरमा (झारखण्ड) एंड मेहसाणा (गुजरात) में मुक्त कौशल केंद्र स्थापित किए गए। मुक्त कौशल केंद्र लक्षित समूह को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। वर्तमान में इन मुक्त कौशल केंद्रों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों की सूची व्यावसायिक विवरणिका में उपलब्ध है।

**20. क्या मुझे मिलने वाले प्रमाणपत्र पर पत्राचार अथवा दूरस्थ शिक्षा प्रमाण पत्र लिखा होगा?**

जी नहीं, एनआईओएस व्यावसायिक कार्यक्रम पत्राचार पाठ्यक्रम नहीं हैं। एनआईओएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से प्रदान करता है। इन पाठ्यक्रमों में आवश्यक संपर्क घंटे होते हैं जिन्हें अध्ययन केंद्रों पर पढ़ा जाना चाहिए, जिसमें सभी शिक्षार्थियों के लिए सिद्धांत और प्रायोगिक प्रशिक्षण दोनों में भाग लेना अनिवार्य है। आंतरिक मूल्यांकन पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग है और इसे सभी शिक्षार्थियों द्वारा किया जाना चाहिए।

**21. मैं परीक्षा कब दे सकता/सकती हूँ?**

आप आवश्यक अध्ययन अवधि पूरी करने के बाद अपनी सुविधा के अनुसार (आवश्यक परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के बाद) परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षाएं वर्ष में दो बार अप्रैल-मई और अक्तूबर-नवंबर में आयोजित होती हैं। आप पांच वर्ष की पंजीकरण अवधि में अधिकतम नौ बार परीक्षाएं देकर अपना पाठ्यक्रम पूरा कर सकते हैं। हालांकि शिक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा की तिथियों की घोषणा के बारे में एनआईओएस की वेबसाइट से अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें।

**18. Can I pursue Vocational Education courses alongside my regular studies or job?**

Yes, one of the advantages of NIOS Vocational Education is its flexibility. You can pursue vocational courses alongside your regular studies or job. NIOS provides the convenience of self-paced learning, allowing you to manage your time effectively.

**19. I am financially constrained but eager to pursue vocational education. What is the ideal opportunity?**

NIOS offers fee concession to female learners and to the exempted category such as ex-servicemen, divyangs, SC/ST. For the benefit of female learners belonging to weaker section and belonging to SC/ST, NIOS has established Mukta Kaushal Kendra (MKK) at 4 regions, which are skill labs equipped with the required infrastructure . The MKKs are established currently at Bhubaneswar (Odisha), Bankura (West Bengal), Koderma (Jharkhand) and Mehsana (Gujarat). The MKKs provide skill training free of cost to the target group. The list of courses available at these MKKs at present are available in the Vocational Prospectus.

**20. Will I get the certificate mentioning Correspondence or Distance learning certificate?**

No, NIOS Vocational Programmes are not Correspondence Courses. NIOS offers vocational courses through Open and Distance Learning mode. These courses have essential contact hours which needs to be covered at the study centers, which is mandatory for all learners to attend for undertaking both theory and practical training. Internal assessment is an integral part of the course and needs to be undertaken by all the learners.

**21. When can I appear for the examination?**

You may appear for examination (after paying the required examination fee) as per your convenience after completing the requisite study period. Examinations are conducted twice a year, in April–May and then in October–November. You can avail as many as nine chances to clear your course in five years of the registration period. The learners are however, advised to keep themselves updated on the declaration of exam dates as regularly informed and updated on the NIOS website.

**22. शिक्षार्थी को परीक्षा के लिए पंजीकरण कब कराना होगा?**

अप्रैल-मई परीक्षा के लिए 15 जनवरी तक और अक्तूबर-नवंबर परीक्षा के लिए 15 जुलाई तक अंतिम तिथियां हैं। कृपया अद्यतन जानकारी के लिए एनआईओएस की वेबसाइट देखते रहें।

**23. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षाएँ कहाँ आयोजित की जाती हैं?**

प्रायोगिक परीक्षाएं शिक्षार्थियों के संबंधित एवीआई/एसएआईईडी में आयोजित की जाती हैं।

**24. क्या एनआईओएस के स्वास्थ्य देखभाल और पराचिकित्सा पाठ्यक्रम राज्य परिषदों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं?**

एनआईओएस, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक मान्यता प्राप्त बोर्ड है। एनआईओएस द्वारा प्रस्तावित स्वास्थ्य देखभाल और पराचिकित्सा पाठ्यक्रम शैक्षिक और उद्योग विशेषज्ञों के सहयोग से डिजाइन किए गए हैं। हालाँकि, राज्य परिषदों द्वारा प्रदान की गई मान्यता किसी राज्य विशेष के नियमों और विनियमों पर निर्भर करती है। मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा और इमेजिंग टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा जैसे पराचिकित्सा पाठ्यक्रम भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के सहयोग से कराए जाते हैं। एनआईओएस ने भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के साथ समझौता ज्ञापन किया है।

**25. क्या मैं एनआईओएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकता/सकती हूं।**

जी हां, एनआईओएस से व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूर्ण करने से उच्च शिक्षा और व्यवसाय में उन्नति के विभिन्न अवसर खुल सकते हैं। आप संबंधित क्षेत्रों में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर डिग्री जैसे प्रासंगिक उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर संबंधित क्षेत्र में आपका ज्ञान और कौशल बढ़ेगा। अच्छी व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने पर आप आगे की शिक्षा, विशेषज्ञता अथवा अपने हितों और लक्ष्यों के अनुरूप अपना करियर चुनने का निर्णय ले सकते/सकती हैं।

**26. क्या एनआईओएस अपने पाठ्यक्रमों को पूरा करने के बाद उच्च अध्ययन के लिए क्रेडिट स्थानांतरण की सुविधा प्रदान करता है?**

एनआईओएस अन्य संस्थानों में उच्च अध्ययन करने के लिए सीधे क्रेडिट स्थानांतरण की सुविधा प्रदान नहीं करता। हालाँकि, उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के लिए आवेदन करते समय एनआईओएस पाठ्यक्रमों को पूरा करने से प्राप्त ज्ञान और कौशल लाभप्रद हो सकते हैं। एनआईओएस आईटीआई उत्तीर्ण कर चुके शिक्षार्थियों के साथ-साथ आईटीआई कर रहे शिक्षार्थियों को क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) की सुविधा प्रदान करता है ताकि उन्हें आगे गतिशीलता प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।

**22. When the learner has to register for examination?**

For April-May examination: upto 15th January and for October-November examination: upto 15th July are the cut off dates. Please keep yourself updated by checking on the NIOS website.

**23. Where are the practical examinations of vocational courses held?**

The practical examinations are conducted in the respective AVI/ /SAIED of the learners.

**24. Are NIOS healthcare and paramedical courses recognized by State councils?**

NIOS is a recognized board under Ministry of Education, Government of India. The healthcare and paramedical courses offered by NIOS are designed in collaboration with academic and industry experts. However, recognition by State councils is depending upon the rules and regulations of particular State. The paramedical courses such as Diploma in Medical Laboratory Technology and Diploma in Imaging Technology are offered in collaboration with Indian Medical Association (IMA). NIOS has a Memorandum of Understanding with IMA.

**25. Can I pursue higher education after completing NIOS Vocational courses?**

Yes, completing NIOS vocational courses can open up various opportunities for higher education and career advancement. You can apply for relevant higher education programs, such as Bachelor's or Master's degrees in relevant fields. Additionally, successful completion of the vocational courses can increase your knowledge and skills in the field. With the increased horizons and opportunities, you can make informed decisions about further education, specialization, or pursuing specific career paths that align with your interests and goals.

**26. Does NIOS offer credit transfer facilities for pursuing higher studies after completing their courses?**

NIOS does not provide direct credit transfer facilities for pursuing higher studies at other institutions. However, the knowledge and skills gained from completing NIOS courses can be advantageous when applying for higher education programs. NIOS provides Transfer of Credit (TOC) facility to ITI pass-out as well as pursuing learners so as to enable them to have vertical mobility.

आईटीआई शिक्षार्थी अपने तीन एनएसक्यूएफ अनुरूप पाठ्यक्रमों को टीओसी योजना के अंतर्गत एनआईओएस में स्थानांतरित करवा सकते हैं और माध्यमिक/ उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए एक भाषा सहित दो शैक्षिक विषय ले सकते हैं। अधिक जानकारी एनआईओएस वेबपोर्टल पर उपलब्ध है।

**27. मैं प्रवेश रिकॉर्ड में नाम, जन्मतिथि आदि को कैसे सही कर सकता/सकती हूं?**

प्रवेश रिकार्ड में सुधार नियमानुसार ही किया जायेगा। यदि, शिक्षार्थी के व्यक्तिगत विवरण, पते, फोटो आदि में कोई विसंगति है, तो उसे ई-सेवाओं के माध्यम से ठीक किया जा सकता है।

**28. क्या मैं हिंदी में परीक्षा दे सकता/सकती हूँ?**

आप संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किसी भी भारतीय भाषा में परीक्षा दे सकते/सकती हैं। हालाँकि एनआईओएस द्वारा प्रदत्ता की जाने वाली स्वअध्ययन सामग्री हिंदी/अंग्रेजी अथवा कुछ पाठ्यक्रमों में उर्दू में भी होगी। अधिक विवरण के लिए विवरणिका देखें।

**29. क्या मैं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए जब चाहो तब परीक्षा में शामिल हो सकता/सकती हूं?**

जी नहीं, वर्तमान में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए जब चाहो तब परीक्षा की कोई सुविधा नहीं है।

**30. व्यावसायिक परीक्षाओं का परिणाम कितने दिनों के भीतर घोषित किया जाता है?**

सामान्यत: अंतिम परीक्षा समाप्त होने के 8 से 10 सप्ताह बाद परिणाम घोषित कर दिए जाते हैं।

**31. मैंने एनआईओएस को पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान पहले ही ऑनलाइन कर दिया है, फिर भी भुगतान के दौरान यह उल्लिखित किया गया कि शेष शुल्क का भुगतान एवीआई को करना होगा। यह भुगतान क्यों किया जाएगा?**

व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुल्क साझा मॉडल पर आधारित होता है, जिसमें शिक्षार्थियों के पाठ्यक्रम शुल्क का एक हिस्सा एवीआई को दिया जाता है और दूसरा हिस्सा एनआईओएस में प्राप्त किया जाता है। एवीआई को अपने केंद्र में कक्षाओं के संचालन के लिए अलग से शुल्क का भुगतान किया जाता है, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि शेष शुल्क का भुगतान व्यावसायिक विवरणिका में उल्लिखित राशि के अनुसार एवीआई को किया जाए। स्व-अध्ययन सामग्री के लिए एवीआई को कोई अतिरिक्त शुल्क के भुगतान की आवश्यकता नहीं है।

**32. व्यावसायिक शिक्षा के बारे में अधिक जानकारी के लिए मैं एनआईओएस से कैसे संपर्क कर सकता/सकती हूं?**

एनआईओएस द्वारा प्रदान की जाने वाली व्यावसायिक शिक्षा के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.acin पर जा सकते/सकती हैं अथवा हेल्पलाइन

The ITI learners can get their three NSQF compliant courses transferred to NIOS under the TOC scheme and take up two/one academic subjects including one language for getting a Secondary/Sr Secondary certificate. More details are available on the NIOS webportal.

**27. How can I correct Name, Date of Birth etc. in the admission record?**

The correction in the admission record will be made as per rules only. In case, there is any discrepancy in learner's personal details, address, photo etc., the same may be corrected through e-services.

**28. May I appear for the exam in Hindi?**

You may write the examination in any scheduled Indian Language. However the SLM provided by NIOS will be either Hindi/English or in few courses in Urdu too. Check the Prospectus for details.

**29. Can I appear in On- Demand Exam for Vocational courses?**

No, presently there is no On-demand examination facility for Vocational courses.

**30. Within how many days result of Vocational exams are declared?**

Generally the results are declared 8 to 10 weeks after the last examination is over.

**31. I have already paid the course fee online to NIOS, however it is mentioned during payment that the remaining fee has to be paid to the AVI. Why is that payment to be made?**

Vocational programmes are based on fee sharing model wherein one share of the learners course fee is given to the AVI and one share is received at NIOS. The AVI is paid separate fees for the conduct of classes in their centre, so it is very important that the remaining fees be paid to the AVI as per the amount mentioned in the Vocational prospectus There is no need to pay any additional amount to the AVI for the Self-Learning Materials.

**32. How can I contact NIOS for more information about Vocational Education?**

For more information about Vocational Education offered by NIOS, you can visit the NIOS website www.nios.ac.in or contact the helpline no. – 1800 180

नंबर 1800 180 9393 पर संपर्क कर सकते/सकती हैं। आप मार्गदर्शन और सहायता के लिए एनआईओएस के निकटतम क्षेत्रीय केंद्र पर भी जा सकते/सकती हैं।

**33. एनआईओएस का प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थान (एवीआई) बनने के लिए प्रत्यायन हेतु कोई संस्थान कैसे आवेदन कर सकता है?**

कोई भी संस्थान जो एनआईओएस का अध्ययन केंद्र बनना चाहता है और एक पॉलिटेक्निक/एनजीओ/केवीके/व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान/संबद्ध स्कूल है, तो वह एनआईओएस से प्रत्यायन प्राप्ति करने हेतु आवेदन कर सकता है। आवेदक संस्थान एनआईओएस की वेबसाइट पर जाकर ई-प्रत्यायन लिंक का चयन कर सकता है और प्रत्यायन हेतु आवश्यक दिशानिर्देशों/मानदंडों आदि को पढ़ने के बाद आगे बढ़ सकता है। आवेदन करने वाले संस्थान को विशेष व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए एनआईओएस प्रत्यायन मानदंडों के अनुसार उनके पास उपलब्ध बुनियादी ढांचे की जांच करनी चाहिए। एनआईओएस में प्रत्यायन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है और ऑफलाइन आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**34. शिक्षार्थियों को प्रदान किए जाने वाला शिकायत तंत्र क्या है?**

यदि एवीआई में शिक्षार्थी की समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो शिक्षार्थी क्षेत्रीय केंद्र पर जा सकता है अथवा निदेशक व्यावसायिक शिक्षा को dirvoc@nios.ac.in पर लिख सकता है अथवा विद्यार्थी सहायता सेवा विभाग से संपर्क कर सकता है/dirsss@nios.ac.in पर मेल लिख सकता/सकती है।

**35. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के बाद मुझे कौन-सा प्रमाणपत्र प्राप्त होगा?**

भारत सरकार ने 14 सितंबर, 1990 के एक संकल्प, संख्या एफ-5-24/90, भारत के राजपत्र में 20 अक्तूबर 1990 को प्रकाशित, के द्वारा एनआईओएस को पूर्व-स्नातक स्तर तक अपने व्यावसायिक, तकनीकी और शैक्षिक पाठ्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों की परीक्षा लेने और प्रमाणपत्र देने का अधिकार दिया है। इसकी एक प्रति परिशिष्ट -'ग' पर उपलब्ध है। पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर, जैसा भी मामला हो उन्हें एनआईओएस प्रमाणपत्र/डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

9393. You can also visit the nearest NIOS Regional Center for guidance and support.

**33. How can an Institution apply for accreditation to become the Accredited Vocational Institution (AVI) of NIOS?**

Any Institution willing to become the study centre of NIOS and is an Polytechnic/NGO/KVK/Vocational Training Institute/Affiliated schools can apply for accreditation with NIOS. The applicant institute can visit the NIOS website and select the link – e-accreditation and proceed further after going through the guidelines/norms etc which are essential for accreditation purposes. The applying institution should check for the infrastructure that is available with them as per the NIOS accreditation norms for that particular vocational course. Accreditation process at NIOS are completely online and offline applications are not entertained.

**34. What is the grievance mechanism provided to the learners?**

In case the issues and problems of the learner are not solved in the AVI, then the learner can write or visit the Regional Centre and or write to the Director Vocational Education at dirvoc@nios.ac.in or contact write mail to the Student Support Service Department at dirsss@nios.ac.in.

**35. What certificate will I get after passing a course?**

The Government of India has vested NIOS with the authority to examine and certify learners registered with it in vocational, technical and academic courses upto pre-degree level through Resolution No. F-5-24/90 dated 14th September 1990 published in Gazette of India dated 20 October 1990. A copy of the same is available at Appendix-C. They would be given NIOS Certificate/Diploma, as the case may be on successful completion of the course.